# Redress Support Services

Relationships Australia VICTORIA

**हम बचपन के सदमे के दीर्घकालिक प्रभावों की पहचान करते हैं।**

**हम गुम हुई पीढ़ियों के आदिवासी और/या टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों और किसी संस्था में बाल लैंगिक शोषण के पीड़ित रह चुके लोगों के जीवित अनुभवों को स्वीकार करना पसंद करेंगे। हम इस सेवा का समर्थन चाह रहे सभी आदिवासियों और/या टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों का स्वागत करते हैं।**

## हम राष्ट्रीय रीड्रेस स्कीम के माध्यम से आवेदन करने वाले या आवेदन करने के बारे में सोचने वाले व्यक्तियों के लिए मुफ्त और गोपनीय सहायता प्रदान करते हैं।

### *राष्ट्रीय रीड्रेस स्कीम क्या है?*

राष्ट्रीय रीड्रेस स्कीम (NRS) Royal Commission into Institutional Responses to Child Sexual Abuse के प्रति ऑस्ट्रेलियाई सरकार की प्रतिक्रिया है। NRS उन लोगों को स्वीकृति और समर्थन प्रदान करता है, जो:

- 1 जुलाई, 2018 से पहले किसी संस्था में बाल लैंगिक शोषण का अनुभव कर चुके हैं, और
- 30 जून 2010 से पहले पैदा हुए थे, और
- ऑस्ट्रेलियाई नागरिक या स्थाई रिहायशी हैं।

रीड्रेस अदालतों के माध्यम से मुआवज़ा चाहने का एक विकल्प है। NRS रीड्रेस के तीन अंगों की पेशकश करता है:

- परामर्श तक पहुँच
- एक रीड्रेस भुगतान
- शोषण के लिए ज़िम्मेदार संस्था/संस्थाओं से एक प्रत्यक्ष व्यक्तिगत प्रतिक्रिया (एक माफी)।

NRS की शुरुआत 1 जुलाई 2018 को हुई। NRS के लिए आवेदन 30 जून 2027 तक स्वीकार किए जाने हैं।

यदि आपको NRS के बारे में अधिक जानकारी चाहिए, तो कृपया www.nationalredress.gov.au पर जाएँ या उन्हें 1800 737 377 पर कॉल करें।

### *हम किस तरह से आपकी सहायता कर सकते है?*

इस बात का निर्णय लेना कि NRS के लिए आवेदन किया जाए या नहीं, एक मुश्किल निर्णय हो सकता है। रीड्रेस सहायता सेवाएँ आपकी यह निर्णय लेने में मदद कर सकती हैं और आवश्यक होने पर आपको अन्य प्रासंगिक सेवाओं तक पहुँच प्रदान कर सकती हैं।

हम आपके निर्णय लेने की क्षमता में सहायता करने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप समझते हैं कि आप सभी के लिए कौन से विकल्प उपलब्ध हैं, सदमा-सूचित समर्थन प्रदान कर सकते हैं।

हम निम्न के सहित व्यवहारिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान कर सकते हैं:

- NRS के बारे में जानकारी प्रदान करना और आपके प्रश्नों के उत्तर देना
- एक NRS आवेदन पूर्ण करने में सहायता करना, संपूर्ण प्रक्रिया में समर्थन और वकालत के सहित
- आवेदन प्रक्रिया के भावनात्मक प्रभाव को प्रबंधित करने के लिए आपकी सहायता हेतु सहायक परामर्श
- अन्य सेवाओं तक रेफरेल, कानूनी और वित्तीय परामर्श सेवाओं, और व्यक्तिगत या पारिवारिक थैरेपी के सहित
- आपके NRS आवेदन के परिणाम को समझने के लिए सहायता
- एक प्रत्यक्ष व्यक्तिगत प्रतिक्रिया तक पहुँच प्राप्त करने के लिए सहायता और समर्थन..

समर्थन सेवाओं का लक्ष्य बाल लैंगिक सेवाओं का अनुभव कर चुके लोगों की अलग-अलग आवश्यकताओं के प्रति पहुँचयोग्य, समावेशी और उत्तरदायी होने का है।

## *मैं इन सेवाओं तक कैसे पहुँच प्राप्त कर सकता हूँ?*

सेवाओं को पूरे विक्टोरिया में आमने-सामने की सेटिंग्स, टेलीफोन और/या ऑनलाइन समर्थन के साथ वितरित किया जाता है (जहाँ COVIDSafe हो और सरकारी प्रतिबंधों के अनुसार हो) ताकि उन लोगों के लिए पहुँचयोग्यता को सुनिश्चित किया जा सके जो NRS के साथ शामिल हो रहे हैं।

## *मैं कैसे शुरुआत करूँ?*

जानकारी, समर्थन तक पहुँच प्राप्त करने के लिए या हमारी रीड्रेस समर्थन सेवाओं के साथ अपोइंटमेंट बुक करने के लिए:

- हमें 1800 052 674 पर कॉल करें
- ईमेल redress@rav.org.au

*रीड्रेस समर्थन सेवाएँ ऑस्ट्रेलियाई सरकारी के सामाजिक सेवा के विभाग द्वारा वित्तपोषित हैं।*

## *सहायक लिंक*

- राष्ट्रीय रीड्रेस स्कीम
- हमारे सबमिशन
- अंतिम रिपोर्ट: Royal Commission into Institutional Responses to Child Sexual Abuse